वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 202 सोमवार 18 नवम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स ने किया एक्सपोजर विजिट

### बीआईएस जयपुर की ओर से तारामंडल, इनोवेशन हब और डायनासोर जैसे मॉडलों को करीब से जाना

जयपुर. कासं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), जयपुर की ओर से बाल दिवस के उपलक्ष्य में 21 सरकारी स्कूलों के 600 से अधिक छात्रों और उनके मेंटर शिक्षकों के लिए 'क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र' और 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी', जयपुर में एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया। विज्ञान केंद्र में छात्रों ने एस्ट्रोनॉमी गैलरी, बायोलॉजी गैलरी, फन साइंस, तारामंडल, इनोवेशन हब और डायनासोर जैसे मॉडलों को देखा और विज्ञान के सिद्धांतों को करीब से समझा। वहीं, सिपेट में उन्होंने भारतीय मानकों के तहत उत्पाद निर्माण और उनकी गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रियाओं को जाना। बीआईएस ने मानक क्लबों की स्थापना छात्रों में विज्ञान और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से की है। देशभर में 10,000 से अधिक और राजस्थान में 600 से अधिक मानक क्लब बनाए गए हैं।

# प्रदेश में तेज होगी सर्दी

### 6 जिलों में कोहरे का अलर्ट; जयपुर में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा

जयपुर. कासं

राजस्थान में इस सीजन तेज सर्दी का दौर भले ही अब तक शुरू नहीं हुआ हो, लेकिन घना कोहरा पड़ना शुरू हो गया। रविवार को उत्तरी राजस्थान के 8 जिलों में कोहरा रहा। जयपुर में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। इस सीजन का जिले का सबसे ठंडा दिन रहा। वहीं, आज भी मौसम विभाग ने 6 जिलों झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के मौसम की स्थिति देखें तो श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के अलावा बीकानेर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, जैसलमेर और जोधपुर के कुछ हिस्सों में रविवार को घना कोहरा रहा। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में तो विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम होने की स्थिति को देखते हुए मौसम विभाग ने इन जिलों को ऑरेंज जोन में रखा। दिन में घने कोहरा और हल्की हवा चलने के कारण रविवार को 11 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक भी नहीं पहुंचा। इसमें जयपुर के अलावा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू,



पिलानी, सिरोही, फतेहपुर, सीकर, उदयपुर, फलौदी, बीकानेर शामिल है। जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो औसत अधिकतम तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। पूरे प्रदेश में पिलानी (झुंझुनूं) में रविवार को सबसे ठंडा दिन रहा। जहां का न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो यहां के औसत अधिकतम तापमान से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। चूरू में 17 नवंबर को अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस (औसत से 8.7 डिग्री नीचे) दर्ज हुआ।

### माउंट में लगातार चौथे दिन पारा 10 डिग्री से नीचे

हिल स्टेशन माउंट आबू में रविवार को भी लगातार चौथे दिन रात में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। यहां न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सिरोही में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस, फतेहपुर में 13, उदयपुर, सीकर, पिलानी में 14-14, भीलवाड़ा में 14.2, करौली में 14.5, बारां, चित्तौड़गढ़ में 14.8 और जालोर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अब आगे क्या?

जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने राजस्थान में अगले तीन-चार दिन उत्तरी राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और इसके आसपास के जिलों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। इसके साथ ही राजस्थान में अगले सप्ताह यानी 3-4 दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने और सर्दी तेज होने की संभावना जताई है।

# संगठन चुनावों को लेकर शहर भाजपा की कार्यशाला संपन्न

### 30 नवम्बर तक होंगे बूथ के चुनाव, जयपुर में चुने जाएंगे 1800 बूथ अध्यक्ष

जयपुर. कासं

बीजेपी में संगठन चुनावों को लेकर आज जयपुर शहर जिला भाजपा की कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें बूथ के चुनावों की प्रक्रिया से मंडल सहयोगियों को अवगत कराया गया। सहायक चुनाव अधिकारी मनीष पारीक ने बताया कि जयपुर शहर के 33 मंडलों में मंडल सहयोगियों की नियुक्ति की गई है। यह सहयोगी बूथ के चुनाव करवाएंगे। उन्होने बताया कि जयपुर शहर में करीब 1800 बूथ हैं। जिनमें 11 सदस्यीय बूथ समिति और बूथ अध्यक्ष का चुनाव होना है। उन्होने कहा कि आज की वर्कशॉप में विचारधारा से सदस्यों को सर्व सहमति से जोड़ने की जानकारी दी गई।

**बूथ समिति में तीन महिलाओं को जगह:** उन्होने बताया कि प्रत्येक बूथ समिति में 11 सदस्य होंगे। जिसमें से तीन महिलाओं



को चुनना अनिवार्य हैं। जिसमें एक मन की बात प्रमुख, एक वाट्सएप प्रमुख और एक लाभार्थी प्रमुख सहित स्थानीय सामाजिक संरचना को ध्यान में रखकर बूथ समिति का गठन करेंगे। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री और सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा शहर के बूथ-बूथ पर बने, इस हेतु बूथ समितियों का गठन होना चाहिए। इसी के साथ उस बूथ में मतदाता सूची अनुसार पन्ना प्रमुख भी निर्धारित किया जाएगा। जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा ने जयपुर शहर में हुई सदस्यता की जानकारी देते हुए प्रदेश में सर्वाधिक सदस्यता एवं सक्रिय सदस्य बनाने का आग्रह किया। जयपुर शहर के मुख्य चुनाव अधिकारी पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक नारायण देवल ने कहा कि 20 तारीख तक सभी मंडलों की कार्यशाला पूर्ण होगी। जिसमें संगठन की सरंचना बनाने का आग्रह किया। उन्होंने जयपुर शहर के 33 मंडलों के संगठन पर्व सहयोगी भी घोषित किए। वर्कशॉप में सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगडी, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, प्रदेश मंत्री अजीत मांडण और स्टेफी चौहान, संगठन सह प्रभारी नरेश बंसल, सदस्यता प्रभारी बीपी सारस्वत सहित मंडल अध्यक्ष, जिला प्रभारी उपस्थित थे।

# जयंती पर निंबार्क भगवान की निकली भव्य शोभायात्रा

## उमड़े श्रद्धालु,स्वागत में भक्तों ने बिछाए पलक पावड़े

**जयपुर. शाबाश इंडिया**





श्री निंबार्क जयंती महोत्सव में रविवार को छोटी काशी जयपुर में जगतगुरु श्री श्रीजी महाराज के मंगल संदेश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में प्रदेश और देश की अनेक महत्वपूर्ण पीठों और मंदिरों के संत और महंतों के अलावा बड़ी संख्या में निम्बार्क वैष्णव जन सम्मलित हुए। शोभायात्रा चादनी चौक स्थित श्री आनन्द कृष्ण बिहारी जी के मन्दिर से रवाना होकर जयपुर के आराध्य गोविन्द देव मंदिर, सिरह ड्योढ़ी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, त्रिपोलिया गेट होते हुए वापस श्री आनन्द कृष्ण बिहारी जी मन्दिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में बैंड बाजा और लवाजमे के साथ बग्घी में विराजमान श्री निंबार्क भगवान और संत वृंदों का अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत द्वार बनाए, अनेक जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा और निम्बार्क भगवान की पूजा- अर्चना की। संपूर्ण शोभायात्रा में भक्तजन सुमधुर भक्ति संगीत के साथ नाचते- गाते और बजाते हुए भाव विभोर होकर चले। आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में आयोजित धर्म सभा में संतों के आशीर्वचनों के साथ भगवान निम्बार्क द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर चलने की सीख दी। वैष्णव जनों से छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग में सनातन और संप्रदाय की रीति नीति के संस्कार डालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से हम सृष्टि के सबसे बड़े वैष्णव संप्रदाय में जुड़े हुए हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि नई पीढ़ी को संस्कारी बनाएं। इसके लिए उसे नित्य कर्म और संध्या वंदन के साथ ठाकुर सेवा से जोड़ने की सीख दी जाए। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में भक्त जनों ने मंदिर परिसर में पंगत प्रसादी पाई। महोत्सव के तहत सोमवार को साम 5बजे समस्त वैष्णवजनों की ओर से श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में युगल शतक पाठ व महाआरती की जाएगी,वहीं 19 नवम्बर को साम 5बजे श्री निम्बार्क महिला मंडल की ओर से बधाई गान व डांडिया रास का आयोजन होगा। महोत्सव के तहत 20 नवम्बर को श्री निम्बार्क महिला मंडल व प्रसिद्ध गायक मंडल बधाई गायन और भजन संध्या के कार्यक्रम होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 21 को दोपहर 3बजे बधाई गान व साम 6बजे छठी महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय भजन मंडलिया भजनों से ठाकुर जी को रिझाएंगे।

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

## शोभा यात्रा निकाल भगवान की प्रतिमाओं को मंदिर में किया विराजित

**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**






पिड़ावा। नगर में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में आयोजक मुमुक्ष मण्डल, जैन युवा फैडरेशन, वितराग विज्ञान पाठशाला एवं मोक्षायतन ट्रस्ट द्वारा आदि जिन बिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के अन्तिम दिन रविवार को भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इसके बाद सभी प्रतिष्ठित भगवान की प्रतिमाओं को बेण्ड़ बाजो के साथ शोभायात्रा निकाल कर विधि विधान से मंदिर में विराजमान कर अभिषेक किया गया। नवीन मंदिर मोक्षायतन के शिखर पर कलश चढ़ाकर ध्वजारोहण किया गया। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि रविवार को मोक्ष कल्याणक के तहत नव प्रभात की नई किरण के साथ भगवान आदिनाथ को कैलाश पर्वत से निर्वाण प्राप्ति मौक्ष गमन अग्नि कुमार देवों का आगमन,नख, केश, विसर्जन, प्रवचन, सिद्ध पूजन, मोक्ष कल्याणक पूजन, विश्व शांति महायज्ञ, छत्र चंवर, भामंडल स्थापना, जिन बिम्ब स्थापना, कलशारोहण, ध्वजारोहण आदि क्रियाएं की गई।इस अवसर पर भक्ति भाव आनंद व उत्साह से कार्यक्रम संपन्न होने पर पंच कल्याणक समिति के सदस्यों द्वारा प्रशासन और सभी समितियों, विद्वानों व उपखंड अधिकारी पिड़ावा दिनेश कुमार मीना, डिप्टी सुनील कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि रामेश्वर पाटीदार, सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष सुधीर जैन, अनिल चेलावत, सरपंच विमल जैन आगर आदि लोगों का स्वागत ,सम्मान, अभिनन्दन किया गया व प्रशासन और सभी समितियां का संयोजक नगेश जैन ने आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद पंच कल्याण स्थल से भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें श्रावक श्राविकाये नाचते गाते भक्ति करते हुवे चल रहे थे। शोभायात्रा 56 दरवाजा, शहर मोहल्ला, सेठान मोहल्ला, खंडपुरा ,नयापुरा, मेला ग्राउंड से कोटड़ी रोड़ मोक्षायतन पहुंचे। श्रावक गण प्रतिमाओ को बेंड़बाजो के साथ भक्ति करते हुवे नवीन जिनालय श्री शांतिनाथ, कुंथुनाथ,अरनाथ मोक्षायतन कोटड़ी रोड़ पर लेकर गये। जहां पर उनको वेदियों में मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठाचार्य प्रवर रजनी भाई दोषी हिम्मतनगर, पं.विराग शास्त्री ने विधि विधान से विराजमान करवाई।

# बी.एल.गोठी स्कूल के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण के लिए किया प्रस्थान



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। जिले में शिक्षा क्षेत्र में सिरमौर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल के सीनियर छात्र-छात्राओं का एक दल शनिवार रात्रि में शैक्षणिक भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं निदेशक एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा ने नमोकार मंत्रोचारण के पश्चात बस को हरी झंडी दिखाकर एवं नारियल बधार कर रवाना किया। इससे पूर्व समिति के मंत्री डॉ.नरेंद्र पारख ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों के समक्ष अपने विचार रखे कि बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के साथ शैक्षणिक भ्रमण जरूरी है। इससे किताबी ज्ञान के साथ इतिहास को समझने में आसानी होती है। हमारे देश-प्रदेश में कई ऐसी धरोहरें हैं, हमारे लिए गौरव का प्रतीक के रूप में विराजमान हैं इन विरासतों का अपने जीवन में एक बार अवश्य अवलोकन करना चाहिए। इस यात्रा के माध्यम से हमारे इन बच्चों को जैसलमेर में ये देखने का मौका मिल सकेगा कि हमारे देश के सैनिक रेगिस्तान में किस तरह से अपनी रक्षा करने में जुटे है। रेत के धोरों में हमारी संस्कृति बसती है इससे भी रूबरू होने का अवसर मिलेगा। वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य एवं निदेशक डॉ. आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में किताबों के अध्ययन के दौरान इन विरासतों एवं संस्कृति का उल्लेख मिलता हैं। इस तरह के एज्युकेशन ट्यूर से स्टूडेंट हमारी संस्कृति एवं विरासतों को खुद अपनी आंखों से देख सकते है। 4 दिवसीय यह शैक्षणिक भ्रमण यात्रा जैसलमेर में भारत-पाक बॉर्डर, तनोट माता मंदिर, जैसलमेर फोर्ट, पटवा हवेली, जैन मंदिर, गड़ीसर लेक, व्यास छतरी, डेजर्ट कैम्प, डेजर्ट सफारी, सेंड ड्यून्स, आदि प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेगी। उसके बाद उदयपुर में सिटी पैलेस म्यूजियम, पिछोला झील, जगदीश मंदिर, सहेलियों की बाड़ी, विंटेज कार म्यूजियम, फतेह सागर लेक, आदि दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। इसके पश्चात नाथद्वारा श्रीनाथ जी मंदिर के दर्शन करके पुनः ब्यावर लौटेंगे। विद्यालय के कक्षा 12 इस यात्रा दल में कुल 47 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें 20 छात्राएं एवं 27 छात्र सम्मिलित है। यह दल प्रबंधक कन्हैया लाल पंजाबी के साथ गौतम चौहान शा शि, पिंकी मुरारका, शिखा अरोड़ा,संजय जैन,तनय प्रजापति आदि के निर्देशन में यात्रा कर रहा है।

# मद्भागवत कथा में पांडव चरित्र और श्री शुक्रदेव आगमन पर कथा की गई



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के रेलवे रोड स्थितआज श्री दुर्गा मंदिर में महिला मंडल द्वारा आयोजित मद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित अमरावती नंदन राजस्थान वालो द्वारा भागवत कथा का श्रद्धालुओं को श्रवण करवाया जिसमे आज मुख्य रूप से नारद व्यासः संवाद पांडव चरित्र और श्री शुक्रदेव आगमन पर कथा की गई। कथा सुनने के लिए पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था कथा में आज के पूजन कर्ता देवकीनंदन डूंगामूंगा वाले और खेमचंद तलवाडिया अपने सपरिवार पहुंचे। इसमे आपको बतादे की गत दिवस धानुका धर्मशाला से कलश यात्रा निकाली गयीं। इसमे सैंकड़ो की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और राजकुमार तलवाडिया ने अपने सिर पर भागवत कथा को रखकर श्री दुर्गा मंदिर पहुंचे। इसमे अशोक धानुका,गंगा सिंह ठाकुर, सुरेश धानुका,राजकुमार बंसल,पवन तलवाडिया,देवकी तलवाडिया, संदीप तलवाडिया, दयाराम कनवाडिया,दीपक बंसल,सुमित पांडे,देवेंद्र गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

# नेटथिएट पर राजस्थानी नाटक ''चौखा की आस'' का आयोजन

## कलाकारों की दमदार प्रस्तुति से सफल रहा नाटक

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नाद सोसायटी के रंगमंडल द्वारा अनिल मारवाड़ी द्वारा लिखित और निर्देशित ढुढाडी भाषा का नाटक चोखा की आस का सफल मंचन किया गया। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि इंसान भक्ति करता है तो उसे भगवान फल जरूर देता है लेकिन जब उसका परिवार लालची बन जाता है तो बर्बाद होता है। गांव के पंडित जी भजन गाने का शौक रखते हैं लेकिन उनकी पत्नी इस बात से जलती है। इस भजन गाने की शौक से वह अपना घर का खर्चा नहीं चला पाता। एक बार इस बात पर पंडिताइन झगड़ा कर लेती है और पंडित जी की बेज्जती कर घर से बाहर निकाल देती है। पंडित इसे अपनी बेइज्जती समझ आत्महत्या करने के लिए चले जाते। जंगल में उन्हें एक हंस मिलता है और वह उन्हें भजन गाने की एवज में एक खजाने का पता देता है। जो की एक शेर की गुफा होती है किंतु पंडित जी थोड़ा सा धन लेकर चले जाते हैं, जब इस बात का पंडिताइन को पता चलता है तो बड़ी नाराज होती है और फिर से जंगल जाने के लिए कहती है, पंडित जी दोबारा हंस के पास जाते है तो वहां हंस की जगह एक कौवा मिलता है वो पंडित जी को गुफा से सारा धन ले जाने के लिए कहता है। किंतु जैसे ही पंडित जी गुफा में जाते है तो वहां शेर आ जाता है और उन्हें मार कर खा जाता है और पंडित जी की मृत्यु हो जाती है ।

# राजस्थान पेंशनर समाज उप इकाई डडूका की बैठक संपन्न

**अजीत कोठिया. शाबाश इंडिया**

**डडूका।** राजस्थान पेंशनर समाज उप इकाई डडूका की बैठक ईश्वरदास अग्रावत की अध्यक्षता, दर्जन सिंह के मुख्य आतिथ्य, विष्णु प्रसाद रावल की मेजबानी एवं अजीत कोठिया के संयोजन में सीनियर सेकेंडरी स्कूल डडूका के द्वितीय परिसर में आयोजित हुई। प्रारंभ में सचिव अजीत कोठिया ने सभी सदस्यों को दीपावली मिलन कार्यक्रम में शुभकामनाएं देते हुए स्वागत किया। नए पेंशनर साथियों देवेंद्र व्यास, अशोक के शाह, भानुमति रावल, जय श्री शाह का यूनिट के पदाधिकारियों ने दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया। सचिव अजीत कोठिया ने सदस्यों को उत्तम स्वास्थ्य हेतु टिप्स बताए। विष्णु प्रसाद रावल ने सर्व सम्मति से 17 दिसंबर 2024को पेंशनर्स दिवस आयोजन करने की घोषणा की। कोषाध्यक्ष वासुदेव मेहता ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। मेहता ने पेंशनर्स की समस्याओं पर त्वरित ध्यान दिए जाने की आवश्यकता बताई। देवेंद्र व्यास ने ग्रेच्युटी की बढ़ी हुई राशि केंद्र के पेंशनर्स की तरह उसी तिथि से राजस्थान राज्य के पेंशनर्स को दिए जाने की मांग उठाई। उन्होंने आर जी एच एस की डायरिया भी सभी पेंशनर्स को उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सभा को दर्जन सिंह, अशोक शाह, ईश्वरदास अग्रावत सहित कई पेंशनरों ने सम्बोधित किया। सभी से अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। वासुदेव मेहता ने पेंशनर्स जागरूकता हेतु एक वीडियो के माध्यम से प्रेजेंटेशन दिया। सभा में अमरदास वैष्णव, दिलीप कुमार मेहता, शंभू सिंह झाला, अरविन्द एल रावल, कांतिलाल मेहता, सुंदरलाल स्वर्णकार, सज्जन सिंह झाला, अरविन्द आर रावल, भारतेंद्र सिंह चौहान, रमण लाल स्वर्णकार सहित कई वरिष्ठ पेंशनर्स उपस्थित थे।



# वेद ज्ञान

## भावनाओं का समुद्र

सनातन धर्म के ग्रंथों में भवसागर का वर्णन आता है। एक साधारण व्यक्ति इससे किसी समुद्र की कल्पना करता है जिसे उसे संसार त्यागने के बाद पार करना पड़ेगा, परंतु वास्तविकता में भवसागर से तात्पर्य है भावनाओं का समुद्र। भावनाएं विचारों में व्यक्त होती हैं और विचारों का स्थान मन है। मन को आधुनिक तकनीकी भाषा में एक मेमोरी कार्ड भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि मनुष्य के द्वारा संसार से प्राप्त किए अनुभवों के द्वारा ही मन का निर्माण होता है। इसलिए जीव को मन के द्वारा निर्मित भावनाओं के समुद्र को इसी संसार में रहते ही पार करना होता है और इसी को भवसागर कहा जाता है। मन द्वारा निर्मित भवसागर में अनुभवों के अनुसार ही लहरें उठती हैं। जैसे यदि मन शांत है तो यह भी शांत होगा और यदि मन अशांत है तो इसमें भी ऊंची-ऊंची लहरें उठेंगी और भवसागर को पार करना उतना ही कठिन होगा। अक्सर मन के अशांत रहने का कारण उसके अंदर व्याप्त दोष रूपी-राग, द्वेष, ईर्ष्या और मोह आदि हैं, जिसके कारण वह अशांत रहता है। ज्यादातर व्यक्ति अपने दुख से उतना दुखी नहीं हैं, जितना दूसरों के सुख से दुखी हैं। व्यक्ति अपने अंदर स्थित दोषों को स्वीकार भी नहीं करता है और इस कारण वह मन की इन दोष रूपी व्याधियों का उपचार भी नहीं करता। इसी प्रकार वह जीवन यात्रा करता रहता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे व्यक्ति के द्वारा अपनाई विचारधारा ही उसे उचित लगने लगती है और वह सोचने लगता है कि वही केवल सही है और बाकी सब गलत है। एक उम्र के बाद रोग असाध्य हो जाता है और इस प्रकार का व्यक्ति मनरूपी भवसागर में उठती तरंगों में डूबकर संसार छोड़ देता है और इस प्रकार उसके सूक्ष्म शरीर में आत्मा के साथ मन भी दूसरे जन्म में साथ चला जाता है। उपरोक्त बातों पर विचार करने के उपरांत क्या कोई इस प्रकार के व्याधिग्रस्त मन को साथ ले जाना चाहेगा, परंतु यह इच्छा पर निर्भर नहीं है यह तो ईश्वर का नियम है जिसे हर जीव मानने के लिए बाध्य है। मन को व्याधिमुक्त करने के लिए मन में सहजता, सरलता, सादगी और स्वीकार्यता रूपी उपचार अति आवश्यक है। जिसने मन को नियंत्रित कर लिया है, उसके लिए सारी समस्याएं खत्म हो जाती हैं।

# संपादकीय

## फिर राजधानी की हवा हुई जहरीली...

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की हवा हर अगले वर्ष जिस हालत में जा रही है, उससे साफ है कि यहां इस समस्या पर काबू पाने के सरकारी दावे सिर्फ हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में प्रदूषण एक बार फिर इस स्थिति में पहुंच चुकी है कि यह न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय चिंता का भी विषय बन गया है। गुरुवार को समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा और जहरीली हो गई और लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े चार सौ के पास यानी 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अजरबैजान के बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन में भी दिल्ली के प्रदूषण के मसले पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की। यह स्थिति तब है, जब इस मौसम में यानी ठंड की आहट के साथ ही दिल्ली के ज्यादातर लोगों को हर वर्ष धुंध, धुएं की चादर और हवा में विषाक्त तत्त्वों के घुलने की वजह से बहुस्तरीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पिछले कई वर्षों से दिल्ली में लगातार यही तस्वीर बनी हुई है कि दिवाली और ठंड की आहट के साथ ही प्रदूषण इस कदर बढ़ने लगता है कि कई स्तरों पर आम जनजीवन तक बाधित होने लगता है। एक ओर वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से हवा ऊपर नहीं उठ पाती, दूसरी ओर ज्यादातर लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों में से वैसे काम कम से कम कुछ दिन रोक देना जरूरी नहीं लगता, जिसकी वजह से हवा में प्रदूषण तत्त्व घुल जाते हैं। हालांकि इसका खमियाजा उन्हें ही उठाना पड़ता है। अब एक बार फिर हालत हो चली है कि दिल्ली में सरकार को 'ग्रैप 3' स्तर की पाबंदियां लगानी पड़ी है। इसके तहत कई स्तर पर निर्माण कार्यों पर रोक के साथ-साथ वैसे वाहनों को यहां चलने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिनसे प्रदूषण की समस्या गहराने की आशंका हो। पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए फिलहाल स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं, हालांकि उनकी आनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। सवाल है कि जब हर वर्ष इन महीनों के दौरान दिल्ली में यह स्थिति पैदा हो जाती है तब सरकार को समय रहते पहले से ऐसे इंतजाम करना जरूरी क्यों नहीं लगता, जिससे अचानक ही आपात स्थिति की तरह प्रदूषण की रोकथाम के उपाय करने या विशेष नियम लागू करने की जरूरत पड़ जाती है। आखिर कृत्रिम वर्षा तक की जरूरत बताने की नौबत क्यों आती है? यह समस्या बढ़कर अब संकट की शक्ल ले चुकी है, मगर सरकार को अब भी दिल्ली की हवा में जहर घुलने के कारकों की ठीक-ठीक पहचान करना और उस पर काबू पाने के लिए पूर्व-इंतजाम करना जरूरी नहीं लगता है। बहुत सारे लोगों के बीच सुविधाओं के इस्तेमाल को लेकर जितनी सक्रियता दिखती है, उतनी ही संवेदनशीलता स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए प्रदूषण पर काबू रखने में अपनी सहभागिता को लेकर नहीं दिखाई देती।



**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## क्या अब सुधरेगी व्यवस्था

उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों के आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा है तो जाहिर है कि परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित उनकी मांगें उचित थीं। हैरानी की बात है कि उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के पास इतना बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन पर सवाल उठते हैं, उसके प्रश्न-पत्र भी बार-बार लीक हो जाते हैं। नतीजतन, उसे परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं। अगर विद्यार्थी एक दिन में या एक पाली में परीक्षाएं कराने की मांग कर रहे हैं, मानकीकरण के पैमाने पर सवाल उठा रहे हैं, तो इस पर विचार करने में सरकार को इतनी देर लगाने की जरूरत क्यों पड़ी? परीक्षा के जिन पहलुओं के बारे में आयोग को पहले से पता होना चाहिए था, वे उसे आंदोलन के बाद क्यों समझ में आए? क्या आयोग को अपनी सुविधा से अधिक परीक्षा की पारदर्शिता और विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता नहीं करनी चाहिए? फिलहाल आयोग ने विद्यार्थियों की मांगों पर सकारात्मक फैसला लेकर एक जरूरी कदम उठाया है। इतना साफ है कि आयोग ने अपना फैसला बदला है, तो विद्यार्थियों की मांगों के पीछे ठोस आधार था। हालांकि आरओ और एआरओ परीक्षा टाले जाने और इसके लिए एक समिति बनाने के निर्णय से छात्र निराश हैं। दरअसल यह तय नहीं है कि समिति इस मसले पर अपनी रपट कब देगी। इसलिए ऐसा लगता है कि विद्यार्थियों और आयोग के बीच अभी गतिरोध बना रहेगा। सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं और उनके परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों या विद्यार्थियों से धैर्य रखने की उम्मीद करती है। मगर विद्यार्थी भी यह अपेक्षा करते हैं कि परीक्षाओं में शुचिता कायम रहे और ये बार-बार रद्द न हों या पर्चाफोड़ जैसी स्थितियां पैदा न हों। जब ऐसा नहीं होता तो उनके भीतर क्षोभ पैदा होता है। इस बार विद्यार्थी इसलिए भी नाराज थे कि परीक्षाएं दो पालियों में हो रही थीं और वे प्रारंभिक परीक्षा




एक ही दिन कराने की मांग पर अडिग थे। उन्हें यह भी लग रहा था कि 'नार्मलाइजेशन' के फार्मूले से उन्हें काफी नुकसान होगा और बहुत कुछ आयोग के हाथ में चला जाएगा। वैसे भी यह प्रक्रिया जटिल है। इस समूचे मामले में आयोग की जो भी दलील हो, लेकिन इसकी आड़ में उसे लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

# जैन प्रतिभा विमल जौंला एवं शशी सोगानी उल्लेखनीय कार्यों के लिए गुलाबी नगरी जयपुर में सम्मानित

## दिगंबर जैन महासमिति का स्वर्णिम वर्ष 2024 महोत्सव

**निवाई. शाबाश इंडिया**



छोटी काशी के नाम से विश्व विख्यात धर्म नगरी जयपुर शहर के टोंक रोड़ स्थित कीर्ति नगर दिगंबर जैन मंदिर में जैन मुनि समत्व सागर महाराज और मुनि शील सागर महाराज के सानिध्य में दिगंबर जैन महासमिति स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर राजस्थान अंचल इकाई द्वारा स्वर्णिम वर्ष 2024 महोत्सव पर प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। जिसमें निवाई दिगम्बर जैन महासमिति महिला संभाग अध्यक्ष शशी सोगानी एवं दिगम्बर जैन महासमिति संभाग मंत्री विमल जौंला को जैन धर्म की प्रभावना बडाऩे एवं धार्मिक क्षेत्रों में किए गए कार्यों को लेकर दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान ने स्मृति चिन्ह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसको लेकर टोंक जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान दशलक्षण पर्व पुरस्कार सहित विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरण किए गए एवं प्रतिभाशाली युवाओं व समाज श्रेष्ठियों का सम्मान किया गया। इस दौरान मुनि समत्व सागर महाराज और मुनि शील सागर महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वचन उपस्थित जैन बंधुओं को प्राप्त हुआ जिसमें कार्यक्रम स्थल पर विराजमान जैन सन्तो ने धर्म क्षेत्र में किए गए कार्यों पर निवाई के विमल पाटनी जौंला एवं शशी सोगानी को भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर राजस्थान अंचल अध्यक्ष अनिल जैन (पूर्व आईपीस) और महामंत्री महावीर बाकलीवाल 50 वें स्वर्णिम समारोह के लिए मुनि संघ को श्रीफल भेंट कर मंगल आशीर्वाद और सानिध्य लिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक काला, समारोह गौरव एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन पांड्या, समारोह अध्यक्षता उत्तम कुमार पांड्या, चित्र अनावरण वीरेंद्र जैन सेठी, दीप प्रवज्जलन समाजसेविका मृदुला जैन पांड्या, विशिष्ट अतिथि सांस्कृतिक मंत्री राजेन्द्र पाटनी कीर्ति नगर, रमेश पाटनी राजकुमार जैन नवीन जैन लुहाड़िया टोंक, राजस्थान महिला अंचल अध्यक्ष शकुंतला जैन बिन्दायका मंत्री सुनीता गंगवाल,नवीन सेन जैन, मनीष वैद, डॉ विनोद शाह, डॉ राजेंद्र जैन, कीर्ति नगर समाज समिति अध्यक्ष अरुण काला मटरु, महामंत्री जगदीश जैन, सुरेश चंद जैन बांदीकुई, राजेंद्र शाह, राजाबाबू जैन, नमोकार जैन, अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन प्रमोद बाकलीवाल, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु सम्मिलित हुए। इस अवसर पर महासमिति द्वारा दशलक्षण पर्व के श्रेष्ठियों, त्यागी-वृतियों को पुरुस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त समाज के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का विभिन्न स्थलों पर परिचय दिखलाया है।



# छोटा गिरनार अष्टम महामस्तकाभिषेक एवं वार्षिक मेला का आयोजन

## विधान मण्डल पूजा का हुआ संगीतमय आयोजन



**कोटखावदा. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज की प्रेरणा से निर्मित श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापूगांव में अष्टम महा मस्तकाभिषेक एवं वार्षिक मेला का आयोजन हुआ। दिनभर की धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रचार प्रसार मंत्री चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि प्रातः मूलनायक भगवान नेमिनाथ का जलाभिषेक व शांतिधारा के बाद नेमिनाथ मण्डल विधान पूजा का साजों बाजों से संगीतमय आयोजन हुआ। मंदिर समिति अध्यक्ष प्रकाश बाकलीवाल ने बताया कि वही पूजा के दौरान बीच-बीच में भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। तत्पश्चात सायंकाल श्री जी का पंचामृत अभिषेक किए गए। धार्मिक कार्यक्रम में माल का सौभाग्य दिनेश -अनीता जैन एवं समस्त परिवार कीर्ति नगर जयपुर वालों को प्राप्त हुआ । अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि कोटखावदा, काशीपुरा, चाकसू, जयपुर, निवाई, टोंक, लालसोट सहित कई गांवों व कस्बों से बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने शामिल होकर सहभागिता निभाई।

# विशाल अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को




**इंदौर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन रविवार 15 दिसम्बर दस्तूर गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने बताया कि पिछले 30 वर्षो में 17 रीजन के 350 से अधिक ग्रुप के माध्यम से धार्मिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय व सामाजिक कार्यक्रमो को उच्चतम गुणवत्ता से सम्पन्न करते हुए समाज एवँ देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। आज के समय में समाज के सभी वर्ग के परिवार के सामने सबसे महत्वपूर्ण चुनौती अपने बेटे / बिटिया हेतु जैन समाज में से योग्य वर वधू का चयन करना है। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए गत वर्ष प्रथम विवाह योग्य युवक युवती हेतु एक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया था और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 35000 से अधिक ग्रुप परिवार के एवँ उनके संपर्क से विश्वसनीय बायोडाटा एकत्र कर अपार सफलता प्राप्त की थी। संयोजक प्रदीप गंगवाल ने कहा की जैन अन्तर्राष्ट्रीय युवक- युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन द्वितीय -इंदौर में आयोजित होने जा रहा है।

# ज्वेलर्स एसोसिएशन का दिवाली मिलन समारोह संपन्न



**कोटा. शाबाश इंडिया।** हॉलमार्क लाइसेंस धारक हाडोती के समस्त सराफा व्यवसाई की प्रमुख संस्था ज्वेलर्स एसोसिएशन कोटा (रजिस्टर्ड) की एक मीटिंग दिवाली मिलन समारोह के अंतर्गत की गई, मीटिंग में कई व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए जैसे धारा 411 में सरलता लाने के लिए भारत सरकार को ध्यान में दिलाया जाएगा। ज्वेलर्स एसोसिएशन कोटा (रजिस्टर्ड) के महासचिव ओम जैन सर्राफ ने बताया कि संगठन का लक्ष्य लगभग 500 सदस्य बनाने का है। इसी कड़ी में 72 सदस्य दिवाली मिलन समारोह में एक साथ बनाए गए। उपाध्यक्ष पंकज सोनी जौहरी ने बताया कि तलवंडी डी ए वी स्कूल रोड कोटा पर स्थित होटल द जौहरी मे ज्वेलर्स एसोसिएशन कोटा का दिवाली मिलन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें शहर के सभी प्रमुख व्यापारी ज्वेलर्स उपस्थित रहे। मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि सोने के एक सामान भाव से व्यापार किया जाएगा। इसका सभी ज्वेलर्स भाइयों ने भरपूर समर्थन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद जैन सर्राफ ने बताया कि सभी ज्वेलर्स के संस्थान पर ज्वेलर्स एसोसिएशन का बोर्ड एवं एवं भावों को प्रकाशित करने वाला लाइट का बोर्ड दिया जाएगा।

**जो सम्मानिय ग्राहकों को भी साफ-साफ दिखेगा:** महासचिव ओम जैन सर्राफ उपाध्यक्ष पंकज सोनी जौहरी एवं कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि ज्वेलर्स एसोसिएशन कोटा,सराफा व्यापार की बढ़ोतरी के लिए नए-नए कार्य करती रहेगी। जिससे हाड़ोती में सराफा व्यापार बहुत ज्यादा बढ़ेगा। कई ज्वेलर्स ने ज्वेलर्स एसोसिएशन के व्यापार के उत्थान के लिए उठाए जा रहे कदम को बहुत सराहा है, और ज्वेलर्स एसोसिएशन के नियम के साथ चलने की अपनी इच्छा जताई है और संगठन को और मजबूत करने हेतु पूर्ण समर्थन दिया है।

# राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर राजस्थान जैन युवा महासभा के विद्याधर नगर जोन एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर द्वारा मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के सौजन्य से मणिपाल हॉस्पिटल के सभागार में चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मणिपाल हॉस्पिटल के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. गौरव कूलवाल ने उपस्थित लोगो को मिर्गी एवं माइग्रेन से सम्बन्धित बीमारी से व्यापक बचाव, उपलब्ध उपचार एवं समाज में व्याप्त मिथ्स के बारे में जानकारी दी, साथ ही प्रसिद्ध गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. के. एन. सक्सेना ने पेट एवं लीवर से संबंधित बीमारियों से बचाव एवं उपलब्ध श्रेष्ठ उपचार के बारे में बताया। इस अवसर पर राजस्थान जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन व



दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर के द्वारा दोनों डॉक्टर्स का सम्मान किया गया, साथ ही मणिपाल हॉस्पिटल की तरफ से डॉक्टर्स एवं मार्केटिंग टीम के विवेक ने श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर सेवा समिति मुरलीपुरा के अध्यक्ष धर्मचंद बड़जात्या, श्री महावीर महिला मंडल मुरलीपुरा की अध्यक्षा, श्रीमती विधा देवी गोधा, सचिव, सुलोचना गंगवाल, कोषाध्यक्ष, अंजना जैन एवं मुरलीपुरा जैन समाज से समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहने वाले श्रीमती निर्मला पहाड़िया, उर्वशी पहाड़िया का दुप्पटा, माला पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

# भगवान महावीर की आराधना से स्वयं का कल्याण संभव: आचार्य शशांक सागर





## वरुण पथ में हुआ 108 दिवसीय आराधना का निष्ठापन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर में विराजमान परम पूज्य आचार्य गुरुवर शशांक सागर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं मंगल आशीर्वाद से भगवान महावीर स्वामी की 108 दिवसीय मंगल आराधना का समापन 17 नवंबर 2024 को प्रातः 108 जोड़ो द्वारा आहुति दी गई।इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य गुरुवर शशांक सागर जी महाराज ने मंगल आशीर्वाद देते हुए कहां की निश्चित रूप से भगवान महावीर की 108 दिवसीय इस मंगल आराधना से आपके जीवन का कल्याण होगा। समाज के जिन-जिन दंपति सदस्यों ने विगत 108 दिवस में इस विधान और हवन में आहुति देने का सौभाग्य प्राप्त किया है निश्चित रूप से वह सभी पुण्य आत्माएं हैं भगवान महावीर इस काल में हमारे सर्वाधिक पूजा जाने वाले आराध्य देव हैं और इस मंदिर के तो मूल नायक भगवान महावीर ही आपके जीवन के कल्याण करता है इसलिए आप सभी को प्रतिदिन भगवान महावीर की आराधना आवश्यक रूप से करनी चाहिए इससे आपके साथ-साथ जगत का भी कल्याण निश्चित है। श्री दिगंबर जैन समाज समिति वरुण पथ मानसरोवर के अध्यक्ष एमपी जैन ने बताया कि दिनांक 17 नवंबर 2024 को पूज्य गुरुदेव के पावन सानिध्य में जयपुर शहर में प्रथम बार आयोजित भगवान महावीर की 108 दिवसीय आराधना में अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य एमपी जैन, कैलाश सेठी, विनेश सोगानी, अशोक पापड़ीवाला, सुधीर बोहरा, अजय जैन दिल्ली, संतोष अलका कासलीवाल को प्राप्त हुआ एवं विधान के सोधर्म इंद्र के रूप में समाज के वरिष्ठ सदस्य सुरेश कनकलता जैन गुड़िया जैन बांदीकुई वाला परिवार ने हवन करने का सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक विनेश सोगानी ने बताया कि भगवान महावीर आराधना के निष्ठापन कार्यक्रम का निर्देशन प्रतिष्ठाचार्य प्रदुमन जी शास्त्री द्वारा किया गया।इस अवसर पर विद्यासागर सभागार भवन में भगवान महावीर को विराजमान कर अभिषेक एवं शांति धारा के पश्चात विभिन्न हवन कुंडों के माध्यम से आहुति दी गई।इस अवसर पर मीरा मार्ग मंदिर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रतिष्ठित पदम प्रभु भगवान की प्रतिमा को शोभा यात्रा के रूप में वरुण पथ मंदिर लाया गया। जहां पर प्रतिमा के पुण्यार्जक परिवार पूनम चंद उमेश नितेश आंधीका द्वारा मंदिर जी में पदम प्रभु भगवान को विराजमान किया गया । समाज समिति के उप संगठन मंत्री मुकेश कासलीवाल ने बताया कि परम पूज्य आचार्य गुरुवर शशांक सागर जी महाराज के चातुर्मास के अवसर पर पिच्छिका परिवर्तन का कार्यक्रम दिनांक 24 नवंबर 2024 को आचार्य विद्यासागर सभागार भवन में दोपहर 1:15 पर प्रारंभ होगा।इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव की संगीतमय पूजा, पाद पक्षालन, शास्त्र भेंट,आरती एवं भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा । इस अवसर पर समाज के सभी श्रद्धालुओं को पूज्य गुरुदेव का विशेष मंगल आशीर्वाद प्राप्त होगा। कार्यक्रम में पूज्य गुरुदेव के सभी भक्तगण एवं जयपुर जैन समाज के सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। समाज समिति के कोषाध्यक्ष कैलाश शेट्टी ने बताया कि आज विधान एवं हवन से पूर्व समाज के वरिष्ठ सदस्य सुरेश कनकलता जैन द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ किया इसके पश्चात परम पूज्य गुरुदेव आचार्य शशांक सागर जी महाराज संदेश सागर जी महाराज के पाद पक्षालन एवं शस्त्र भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त किया। **-विनेश सोगानी**

# आचार्य पद दिवस पर हुआ शान्तिनाथ महा मंडल विधान

## आचार्य समग्र मानवता की उन्नति चाहते थे: मुनिश्री अरहसागर जी महाराज

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

जैन दर्शन के प्रमुख संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 53वा आचार्य पद पदारोहण पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह मुनिश्री अरह सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में सुभाष गंज में किया गया जहां भगवान के कलशाभिषेक के साथ ही जगत कल्याण की कामना करते हुए महा शान्ति धारा भक्तों द्वारा की गई। इस दौरान आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, संयोजक उमेश सिघई, उप संयोजक रोहित सिंघई द्वारा किया गया।**श्री शान्ति नाथ महा विधान में मंडल पर किए अर्घ्य समर्पित:** जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मधुर गीतों और मंत्रोच्चार के साथ मंडल पर अर्घो का समर्पण किया । आचार्य पद दिवस पर पहली बार हो रहे शान्ति विधान के स्रोतों को मुनिश्री के समझाते हुए आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के संस्मरणों को शान्ति नाथ महा मंडल विधान के अर्घो के साथ साझा करते हुए ।इस दौरान मंडल पर अर्ध समर्पित करने का सौभाग्य पवन, उमेश सिघई, राकेश कासंल,राकेश अमरोद, विनोद मोदी ,राजेश कासल ,नीरज पढ़ा ,पवन धुर्रा, सोनू वगुलया, प्रसन्न बामोरा, सतीश राजपुर सहित अन्य भक्तों को मिला ।

## आचार्य श्री से प्रेरित हो हजारों युवा व्यसन मुक्त हो रोजगार से लगें हुए हैं : मुनि श्री



मुनिश्री अरह सागर जी महाराज ने कहा कि आचार्य भगवंत गुरुवर श्रीविद्यासागर जी महाराज ने देशभर में लाखों भक्तों को अहिंसा का मार्ग दिखाया। वे सच्चे अर्थो में अहिंसा धर्म के प्रहरी थे उन्होंने हथकरघा गोशाला प्रतिभा स्थली पूणार्यु चिकित्सा संस्थान सहित राष्ट्र भाषा हिन्दी को बढ़ावा दिया अहिंसक व स्वास्थ्य वर्धक वस्त्रों के उपयोग से एक ओर जहां व्यक्ति स्वस्थ रहेगा वहीं पशुधन की रक्षा होगी उन्होंने हथकरघा के माध्यम से भारतीय समाज के गरीब वर्ग की चिंता करते हुए उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा बढ़ाने के लिए समाज के श्रेष्ठी वर्ग को प्रेरित किया इसी का परिणाम रहा कि आज हजारों युवा व्यसन मुक्ति हो हथकरघा से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

# अष्टापद बद्रीनाथ अहिंसा संस्कार पदयात्रा विहार अपडेट

### भारत गौरव साधना महोदधि सिंहनिष्कड़ित व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज ससंघ का पदविहार



ग्राम इचौड़ा जिला आदिलाबाद तेलंगाना स्टेट अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज कुलचाराम से बद्रीनाथ अहिंसा संस्कार पदयात्रा से
गलतियों के शोधन का नाम है उन्नति और
पुनः वृत्ति नहीं करने का नाम है क्षमा..!
हम अपनी गलतियों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। हम गलती के प्रति ग्लानि महसूस कर सकते हैं।जो हमने किया है, या जो हमसे हुआ है उसके लिये नहीं, बल्कि जो कुछ हुआ है वो चाहे हमारे कारण से हो या किसी दूसरे के कारण से, हम अपने विवेक के द्वारा उस कृत्य को मन और चेतना के स्वभाव को जानकर, विशाल दृष्टिकोण अपनाकर उस कृत्य से सीख सकते हैं। गलती का अर्थ सिर्फ यह है कि तुम एक सबक सीखने का अवसर चूक गये।अपनी गलती पर विलाप मत करो। उससे शिक्षा लो कि तुम्हारी परख गलतियों से नहीं बल्कि तुम्हारी पहचान गुणों से है।गलतियां संसारिक है, सद्गुण परमात्मा प्रदत उपहार है। समझदार वही है जो गलतियों से सीखता है। कम बुद्धि वाला अपनी गलती का दोषारोपण दूसरे पर करेगा। मूर्ख एक गलती को बार बार करेगा और कभी नहीं सुधरेगा। इसलिए गलती सुधारने में आप कभी पीछे मत रहना बल्कि सुधारने में हमेशा तैयार रहना। गलती हो, उसे सहज स्वीकार करो और गलत फहमी हो, तो उसे दूर करो।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# आगमन सखावत समारोह का दिल्ली में हुआ आयोजन

### कवि नवीन जैन नव बीगोद दिल्ली में हुए सम्मानित, ताक-झांक छोड़कर खुद में झाकलों : नवीन जैन नव बीगोद



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था आगमन द्वारा दिल्ली स्थित क्रिएटिव अनलॉक में आगमन सखावत समारोह का आयोजन किया गया। प्रेसिडेंट निशांत पी जैन ने बताया कि देशभर से चयनित कवियों ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में राजस्थान के उभरते कवि नवीन जैन नव ने काव्य पाठ करते हुए वर्तमान परिस्थितियों पर मुक्तक पढ़ते हुए कहा की आरोप लगाने वालों खुद की करों जांच ताक-झाँक छोड़ कर खुद में झाकलों। इस अवसर पर श्रेष्ठ काव्य पाठ के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। अनुराधा पांडेय, भास्कर आनंद, स्वाति शर्मा, आदि ने मंच संचालन किया।

# श्री विद्यासुधा जैन संस्कार पाठशाला के बच्चों ने गो सेवा की



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर सागर जी महाराज के आचार्य पद पदारोहण दिवस पर हुआ भव्य आयोजन। प्रातः काल श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पदमावती कॉलोनी में अभिषेक, शांतिधारा एवम आचार्य गुरुवर की पूजन की गई। उसके बाद श्री विद्यासुधा जैन संस्कार पाठशाला के सभी बच्चें एवम जैन समाज के गणमान्य लोग निजी वाहनों से सांगानेर स्थित पिंजरपोल गौशाला पहुंचे तथा वहा पर आचार्य श्री की भावना को साकार करने के निमित्त गायों की सेवा का कार्य किया गया। पाठशाला के सभी बच्चे अपने अपने घर से गाय के लिए गुड, रोटी आदि लेकर आए व वहा पर ट्रोलिया भर भर कर चारे की व्यवस्था समाज पाठशाला परिवार के सहयोग से की गई। इस अवसर पर बच्चो का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस कार्य का उद्देश्य ये था की बच्चों में भी सेवा भाव के संस्कार का बीजारोपण हो। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पाठशाला संचालिका श्रीमति विमला ठोलिया व अमित का सहयोग प्राप्त हुआ है। गौ सेवा कार्य के बाद गौशाला के प्रमुख राजू मंगोड़ी वाले व शिवरतन का स्वागत किया गया जिनके माध्यम से इतनी अच्छी व्यवस्था बनाईं जा सकी। गौ सेवा के पश्चात सामूहिक रूप से एकत्रित होकर आभार व्यक्त किया गया व सभी को अल्पाहार कराया गया।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# राजस्थान के पहले फ्लोट सेंटर 'लिक्विड सैंक्चुअरी' का उद्घाटन



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के पहले डेडिकेटेड फ्लोट सेंटर 'लिक्विड सैंक्चुअरी' का उद्घाटन मीरा नगर ब्लॉक-बी स्थित एनआईसीसी ग्राउंड फ्लोर पर इंदिरा आईवीएफ संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. मुर्डिया ने इस पहल की सराहना करते इसे शहर के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा बताया। उन्होंने कहा कि यह गर्भवती महिलाओं और उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। सेंटर के सह-संस्थापक जसजीव भसीन और डॉ. दृष्टि छाबड़ा ने बताया कि यहां फ्लोट (सेंसरी डिप्राइवेशन टैंक) थेरेपी दी जाती है, जो तनाव, अनिद्रा और मांसपेशियों के दर्द से राहत देने के साथ मानसिक शांति प्रदान करती है। हालांकि, यह थेरेपी निम्न रक्तचाप वाले मरीजों के लिए उपयुक्त नहीं है। डॉ. स्वीटी छाबड़ा और डॉ. पूजा छाबड़ा ने कहा कि यह थेरेपी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद प्रभावी है। इस दौरान एनआईसीसी के 23 वर्षों की सफलता का जश्न भी मनाया गया।

रिपोर्ट फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'

# विरह के गीतों के बीच संयम ज्योति आदि ठाणा को दी चातुर्मास विदाई




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मंदिर ट्रस्ट की ओर से सूरजपोल बाहर दादाबाड़ी में आयोजित समारोह में संयम ज्योति, संयम गुणाश्री और संयम साक्षीश्री को चातुर्मास की विदाई दी गई। इस दौरान विरह के गीतों और गीतिकाओं ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं की आंखें नम कर दीं। इस अवसर पर डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि व्यक्ति को अपना मूल्यांकन स्वयं करना चाहिए। चातुर्मास के दौरान हुई भूलों को भुलाकर एक-दूसरे को माफ करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। वहीं, संयम साक्षीश्री ने कहा कि चातुर्मास में मिले उपदेशों को जीवन में उतारने से जीवन धन्य होगा। इधर, मुख्य अतिथि विधायक ताराचंद जैन ने सात्विक जीवनशैली अपनाने और पुण्य के महत्व पर जोर दिया। पाली से आए कमल वर्डिया ने विरह गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। नन्हे बालकों और विभिन्न वक्ताओं ने भी गीतिकाओं व विचारों के माध्यम से गुरुवंदना की। कार्यक्रम में ट्रस्टी राज लोढ़ा ने चातुर्मास के दौरान मिले प्रवचनों को प्रेरणादायक बताते हुए साध्वी वृंद का आभार जताया। कवि प्रकाश नागौरी ने साध्वी वृंद की शिक्षाओं को आत्मावलोकन का आधार बताया। संचालन प्रकाश नागौरी ने किया और आभार शैलेन्द्र लोढ़ा ने व्यक्त किया। -रिपोर्ट/ फोटो: रौनक वर्मा

# भारतीय मजदूर संघ का जिला सम्मेलन संपन्न

**अमित सक्सैना जिलाध्यक्ष एवं रवि गौतम बने जिला महामंत्री। श्रमिक ही राष्ट्र विकास की कड़ीः ऊर्जा मन्त्री नागर**




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। भारतीय मजदूर संघ, कोटा का जिला सम्मेलन न्यू कम्युनिटी हॉल सकतपुरा, कोटा मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के ऊर्जा मन्त्री हीरालाल नागर ने बताया भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है साथ ही बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध विधुत आपूर्ति देना हमारा लक्ष्य है। माननीय ऊर्जा मंत्री ने बताया की श्रमिक संगठनों से सुझाव लेकर विधुत फीडरो को सेपरेट कर विद्युत तंत्र को सुदृढ़ बनाया जाएगा। श्रमिक संघ द्वारा श्रमिक हितों में रखे जाने वाली मांगो को प्रमुखता से पूरी करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने बताया की भारतीय मजदूर संघ का कार्यकर्ता जब भी अपनी मांगों को उचित मंच पर रखता है वह मांग हमेशा पूरी होती है भारतीय मजदूर संघ श्रमिक हितों में हमेशा श्रमिक साथियों के साथ खड़े होने वाला श्रमिक संगठन रहा है। मुख्य वक्ता विजय सिंह वाघेला ने बताया कि धीरे-धीरे उद्योग निजीकरण की ओर जा रहे हैं जो की कर्मचारियों के निजी हितों का हनन है भारतीय मजदूर संघ हमेशा से निजीकरण का विरोध करता आया है साथ ही माननीय मंत्री जी द्वारा सत्ता में आने के बाद 18 जीएसएस के ठेकों को निरस्त करने पर माननीय मंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रदेश मंत्री कपिल मालव जी ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने संविधान की रक्षा एवं अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए साथ ही भारतीय प्रदर्शन के पंच परिवर्तन के बारे में बताया। संभाग संगठन मंत्र प्रशांत कुमार खरे ने बताया की बताया कि भारतीय मजदूर संघ असंगठित क्षेत्र में मजबूती से कार्यकर्ता है भारतीय मजदूर संघ द्वारा गांवों गावों में जाकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिक साथियों के हितों की रक्षा करना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है । जिला सम्मेलन के द्वितीय सत्र में जिलाध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया एवं भारतीय मजदूर संघ, राजस्थान के संयुक्त महामंत्री विजय सिंह जी वाघेला ने सर्वसम्मति से नव कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें संरक्षक अवधेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अमित सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन गौड़, उपाध्यक्ष परमानंद वैष्णव, मनोज मीणा, सुरेश राठौर, दिनेश शर्मा, रजनीश चौधरी, जिला मंत्री रवि गौतम, संयुक्त मंत्री बुद्धिप्रकाश सुमन, सहमंत्री वीरेश आर्य, केतन नागर, भरतराम सैनी, दीपक खंडेलवाल, संगठन मंत्री मुकेश पुरी, वित्त सचिव अनिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी रविन्द्र मालव, कार्यसमिति सदस्य रमेश चंद्र मीणा, राजेंद्र सुमन, अशोक नागर, हेमराज एरवाल, अतुल उपाध्याय, दीनदयाल सैनी, भुवनेश मीणा, रवि पाराशर, चेतन गुर्जर, विधि सलाहकार सोहन शर्मा को मनोनीत किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी श्री सी पी शर्मा जी, राजेंद्र जी शर्मा, जसवंत जी शक्तावत, बृजेश कांत जी शर्मा, राजेश जी मित्तल, नंद सिंह जी एवं भारतीय मजदूर संघ की विद्युत उत्पादन, प्रसारण, वितरण, जलदाय, पोस्टल, आर ए पी पी, ग्रामीण बैंक, ओम श्री, भवन निर्माण, होलसेल नमकीन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उदयपुर के सौंदर्य व संस्कृति ने मन मोहा, ब्राजील रोटरी टीम अभिभूत



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी इंटरनेशनल के रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत ब्राजील से आई 12 सदस्यीय रोटरी टीम का रोटरी क्लब एलीट ने भारतीय परम्परानुसार स्वागत किया। यह कार्यक्रम एक निजी रिसोर्ट में आयोजित हुआ, जहां पारम्परिक तरीके से स्वागत से टीम अभिभूत हो गई। इस दौरान फ्लैग एक्सचेंज भी किया गया। ब्राजील टीम की सदस्य कार्ला ने कहा कि उदयपुर की मेवाड़ी संस्कृति और वैभव ने पूरी टीम को प्रभावित किया है। उन्होंने भारतीय परंपरा को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बताते हुए इसे अनुभव करना गर्व की बात कही। टीम ने जगमंदिर भ्रमण, सहेलियों की बाड़ी में योगाभ्यास और फतहसागर पाल पर दौड़ का भी आनंद लिया। क्लब अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान रोटरी के प्रयासों से संभव हो सका है। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी ने ब्राजील टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि जल्द ही रोटरी की भारतीय टीम भी ब्राजील जाएगी। कार्यक्रम के दौरान दोनों देशों की टीमों ने संगीत पर नृत्य करते हुए आयोजन को पारिवारिक माहौल में बदल दिया। संचालन रमेश मोदी ने किया और क्लब की ओर से टीम को स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए।

रिपोर्ट/फोटोः
राकेश शर्मा 'राजदीप'




18-11-2024

प्यारी बिटिया

इशिता बडजात्या

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु

चंचल देवी, नवीन विनीता, कमल मधु, राकेश सरोज, मनीष नीरज, नवीन मीनाक्षी, राहुल मोनिका, रोहित कीर्ति, वैभव ,अर्चित, विविधा नेहल, कीर्तिका, आदित्य, हार्दिक, गहना , दवीश ,मानवी, अनिका, दक्ष, दीक्षा एवं समस्त बडजात्या परिवार नसीराबाद, जतन जी पंसारी, जैन टिफिन सेन्टर, नसीराबाद राहुल जैन 9413135797
ब्यूरो चीफ अहिंसा क्रांति समाचार पत्र, शाबाश इंडिया समाचार पत्र, अनोखी पत्रिका समाचार पत्र, न्यूज फ्लैश चैनल, रोहित जैन
8575455555


# मोतियाबिंद की रोकथाम के लिए लगातार होते रहेंगे नेत्र परीक्षण शिविर : जिनेश जैन



**अम्बाह. शाबाश इंडिया**

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष समाजसेवी स्व. कपूरचन्द जैन की स्मृति में डॉ. भसीन द्वारा स्थापित रतन ज्योति चैरिटेबल फाउण्डेशन ट्रस्ट ग्वालियर के सहयोग से जिनेश जैन पूर्व अध्यक्ष, नगरपालिका अम्बाह, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा के द्वारा विगत 24 निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन परीक्षण शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन के बाद रविवार को 25 वाँ निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन परीक्षण शिविर का आयोजन श्री टेक चन्द जैन विद्यालय प्रांगण, में किया गया। शिविर में मोतियाबिन्द ऑपरेशन परीक्षण के लिये लगभग 272 मरीजों ने नामांकन कराया, जिसमें से कुल 93 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। इन मरीजों को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिये ग्वालियर ले जाया जायेगा, जिसमें मरीजों का आना-जाना, खाना, दवाइयाँ एवं मोतियाबिन्द आपरेशन आदि निःशुल्क रहेगा। शिविर के आयोजक जिनेश जैन ने बताया कि मरीजों को ग्वालियर आने जाने, दवाइयां, भोजन, लैंस आदि की व्यवस्था पूरी तरह निशुल्क कराई गई है। जिनेश जैन ने बताया कि उनके पिता कपूर चंद्र जैन नर सेवा नारायण सेवा को प्राथमिकता देते थे। वह अक्सर कहा करते थे कि जरूरतमंद लोगों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। मानव सेवा ही प्रभु सेवा है। उन्होंने कहा महँगे उपचार की वजह से यहां के जरूरतमंद व बुजुर्ग लोग अपनी आंखों का इलाज ही नहीं करा पाते है। उसे ध्यान में रखते हुए हमने यह निशुल्क नेत्र शिविर 25 वी बार लगवाया है। हमारा संकल्प है कि क्षेत्र को मोतियाबिंद मुक्त क्षेत्र बनाना है। इसके लिए हम आगे भी निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शिविर में जिनेश जैन, महेन्द्र कुमार जैन, अंशुल जिनेश जैन, आलोक प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार जैन, अश्विनी गुप्ता, कुलदीप भटनागर, अंगद सिंह सिसौदिया, सौरभ जैन, दिलीप वर्मा, विशाल गोले आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बच्चे हो रहें हैं धार्मिक संस्कारों से ओत- प्रोत



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद । स्थानीय जैन समाज के छोटे-छोटे बच्चे सप्ताह के हर रविवार को प्रातः मंदिरों में अष्ट द्रव्यों से पूजन कर धार्मिक संस्कारों से ओत-प्रोत हो रहे हैं। रविवार को जैन समाज के छोटे-छोटे बच्चों को आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में वीना गदिया, सीमा बड़जात्या, सोनू सोनी व निधि जमोरिया आदि ने अष्ट द्रव्यों से पूजन कराकर उन्हें धार्मिक संस्कारों की शिक्षा प्रदान की। पूजन कर धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हुए बच्चे धार्मिक संस्कार गढ़ रहे हैं।

# प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान 80 अन्य छात्राओं के लिए गर्म वस्त्र की सेवा




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी संग श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी की 40 वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर की संत श्री सुधासागर जी महा मुनिराज आवासीय विद्यालय की 80 बालिकाओं को समिति संरक्षक राकेश पालीवाल कमलेश पालीवाल अतुल मधु पाटनी के सौजन्य से ऊनी वस्त्र भेंट किए गए ।साथ ही प्रतिभाशाली छात्राओं को नगद राशि देकर सम्मान करते हुए उत्साह वर्धन किया गया। इससे पूर्व संस्थान में पहुंचने पर राजस्थान अंचल की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी बाकलीवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला छाबड़ा, व्यवस्थापक ज्ञानु जी आदि द्वारा केसरिया तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर संस्थान की बालिकाओं ने धार्मिक रचनाएं प्रस्तुत की संस्थान की सभी बालिकाओं के लिए श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी के द्वारा फलाहार की व्यवस्था की गई।







# विशाल नि:शुल्क मृगी रोग शिविर में 228 मरीज हुए लाभान्वित






**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

गुलाबपुरा। श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित विशाल मिर्गी रोग जांच शिविर संगोष्ठी एवं मिर्गी जागरूकता रैली का आयोजन संस्था परिसर में किया गया जिसमें जिला कलेक्टर नमित मेहता भीलवाडा, सी पी गोस्वामी सीएमएचओ, नगर पालिका चेयरमैन सुमित कालिया सहित समाज के गणमान्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। समारोह में श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन नानक साहब समिति के संरक्षक रणजीत सिंह कुंभट, समारोह गौरव राजेंद्र कुमार लोढ़ा ब्यावर, मुख्य अतिथि गुमान सिंह मनीष कर्णावट विजयनगर, समारोह अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया ब्यावर, समारोह के विशिष्ट अतिथि नरेश सचेती आमेट, संजय कुमार तिवारी मुख्य संचालन अधिकारी आरएसडब्ल्यूएम खारीग्राम समारोह के मुख्य वक्ता डॉ अपूर्व पौराणिक डॉक्टर नीरजा पौराणिक,समारोह के विशिष्ट अतिथि मूलचंद नाबेड़ा विजयनगर दिलीप मेहता विजयनगर महेंद्र कुमार पोखरणा ब्यावर, प्रकाश डांगी भीलवाड़ा,अर्जुन हिंगड़ भिनाय/सूरत सहित जयपुर से पधारे हुए वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर विक्रम बोहरा की उपस्थिति रही समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर नमित मेहता भीलवाड़ा ने समिति के कार्यों की जानकारी ली,किए जाने वाले कार्य पर संतोष व्यक्त किया एवं स्वयं की ओर से एक कैंप लगाने की घोषणा की। स्वागत अध्यक्ष रणजीतसिंह कुंभट ने समिति के कार्यकलापों एवं इसकी भावी योजनाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मरीजों की सेवा निस्वार्थ भाव से करने की प्रेरणा प्रदान की। सीएमएचओ भीलवाड़ा सी पी गोस्वामी ने अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर सहायता करने का आश्वासन दिया। मुख्य वक्ता डॉक्टर अपूर्व पोराणिक ने मिर्गी रोग की जानकारी इसके बचाव एवं इसमें रखी जाने वाली सावधानियां पर विस्तार से मरीजों को संबोधित करते हुए सभी को इस और ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री पदमचंद खटोड़ ने समिति का प्रतिवेदन रखते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया, अध्यक्ष श्रीश्रीमाल ने संस्था की भावी योजनाओं के बारे में एवं संस्था द्वारा अभी हाल ही में इंटरनेशनल लेवल पर मान्यता प्राप्त होने की खुशखबरी सभी को प्रदान की।नानक श्रावक समिति के महामंत्री ऋषभ लोढ़ा ने संस्था के विकास हेतु सुझाव दिए एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।सभा का संचालन अमित लोढ़ा ने किया सभा में नानक श्रावक समिति एवं प्राज्ञ संघ की सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रही आज के कैंप में 228 मरीजों की। उपस्थिति रही जिन्हें डॉक्टर अपूर्व पोराणिक, डॉक्टर विक्रम बोहरा,डॉक्टर भागीरथ मीणा, डॉक्टर जी एल गुप्ता ने जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया आज के कैंप के लाभार्थी सुभाष वर्मा शहर भाजपा जिला उपाध्यक्ष, भिनाय एवं स्वर्गीय रतनलाल लोढ़ा की पुण्य समिति में रोशन लाल, महेंद्र कुमार लोढ़ा कंवलियास वाले रहे।समारोह के गौतम प्रसादी के लाभार्थी प्रेमराज मेहता संरक्षक मिर्गी रोग निवारक समिति चेन्नई रहे। सभी सेवाभावी डॉक्टर्स, अर्थ संग्रह सहयोगी का भी सम्मान किया गया। समारोह में प्रेमराज बोहरा,देवकरण कोठारी, शांति लाल चपलोत, राजेंद्र चोरड़िया, नवीन डोसी, संजय कावड़िया,जितेन्द्र पीपाड़ा, वीरेंद्र संचेती, सुरेश लोढ़ा, पारस बाबेल, अनिल भंडारी, मानक लूणावत,राजेंद्र पोखरणा, सुरेश कोठारी जालियां, शांतिलाल लोढ़ा, सुनील लोढ़ा,श्याम डोसी, विजय पोखरणा, छोटू धम्मानी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अतिशय नसिया जी पीर कल्याणी में संपन्न हुआ पिच्छिका परिवर्तन समारोह

**आगरा. शाबाश इंडिया**



17 नवंबर को मुनि श्री विदांबरसागर जी एवं आर्यिका श्री विश्रेय माता जी एवं आर्यिकाश्री निर्सग मति माता जी का पिच्छिका परिवर्तन समारोह मोती लाल नेहरू रोड स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र पीर कल्याणी नसिया जी में आयोजित किया गया।जिसका शुभारंभ बालिकाओं ने नृत्यकर मंगलाचरण के साथ किया गया। भक्तों ने समाधिस्थ आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज एवं आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्जवलन किया। इसके साथ ही आगरा दिगंबर जैन परिषद के पदाधिकारीओं ने मुनिश्री एवं आर्यिकाश्री के समक्ष श्रीफल कियोमुनिश्री एवं आर्यिकाश्री का पाथ प्रक्षालन किया। इस अवसर पर भक्तों ने अष्ट द्रव्यो के साथ आचार्यश्री विरागसागर जी महाराज, आचार्यश्री विनम्र सागर जी महाराज एवं मुनिश्री एवं आर्यिका श्री विश्रेयश्री माता जी का संगीतमय पूजन किया। कार्यक्रम के मध्य में सभी भक्तों को मुनिश्री एवं आर्यिकाश्री के मंगल प्रवचन सुनने का अवसर प्राप्त हुआ।इसके बाद सौभाग्यशाली परिवारों ने मुनिश्री एवं आर्यिकाश्री ससंघ के समक्ष नवीन पिच्छिका भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति ने बाहर से पधारे गुरुभक्तों का माला एवं दुपट्टा पहनकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया।कार्यक्रम में संगीत विशाल जैन द्वारा दिया गयोकार्यक्रम का संचालन सुनील जैन ठेकेदार द्वारा किया गयोइस अवसर पर जगदीश प्रसाद जैन राकेश जैन पदेर्वाले,सुनील जैन ठेकेदार,सुशील जैन नसिया जी,पवन जैन,महिपाल जैन,राजेंद्र जैन,दिलीप जैन,सुनील जैन सिंघई,अक्षय जैन,सतेन्द जैन, साहुल,मीडिया प्रभारी शुभम जैन, रमेशचंद जैन,आशीष जैन मोनू समस्त सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद की रीजन स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित







**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

भारत विकास परिषद की रीजन स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता, राजस्थान कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के नवीन सभागार में राजस्थान दक्षिण प्रांत और उदय शाखा के अतिथ्य में आयोजित हुई ।कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन तथा मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक थे। समापन सत्र में बी एच बाफना, संस्थापक मेवाड़ पॉलिटिक्स मुख्य अतिथि रहें। साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन शर्मा, क्षेत्रीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी, राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संतोष गुप्ता नेशनल प्रोजेक्ट सदस्य, प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पानेरी कार्यक्रम संयोजक बी एल खमेसरा व शाखा अध्यक्ष संतोष जैन मंचासीन रहे। अध्यक्ष गिरीश पानेरी ने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से सभी आगंतुकों का स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन ने प्रतियोगिता की उपयोगिता एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी एवं मनोबल बढ़ाया। कुलपति डॉ.अजीत कुमार भारत विकास परिषद द्वारा चलाए जा रहे हैं संस्कार निर्माण के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए इस प्रकार की देश प्रेम वाली प्रतियोगिताओं को अति आवश्यक बताया। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि भारत देश पर गर्व करें और अपने देश के प्रति श्रद्धा प्रेम बनाए रखें। द्वितीय सत्र में देशभक्ति से ओतप्रोत हिंदी समूहगान, संस्कृत समूहगान एवं लोकगीत प्रतियोगिता में रीजन की सभी सातों प्रांत से आई टीमों ने प्रशंसनीय प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। क्षेत्रीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी ने बताया कि हिंदी समूहगान, संस्कृत समूहगान एवं लोकगीत प्रतियोगिता विद्यालय स्तर एवं प्रांत स्तर प्रतियोगिता पर 750 से अधिक विद्यालयों और 7000 विद्यार्थियों के मध्य आयोजन के पश्चात प्रदेश की 7 प्रांतो की विजेता टीम इस क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया प्रांत की प्रत्येक टीम में आठ विद्यार्थी तथा तीन वादक रहे। समापन सत्र में राष्ट्रीय मंत्री सुरेश जैन ने अपने मार्गदर्शन में भारत विकास परिषद के प्रकल्पों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की बात रखते हुए बताया कि सेवा, संस्कार, संपर्क, महिला सहभागिता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करते हुए कार्यकर्ता व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण में समर्पित भाव से कार्य करें। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. रजनीश चरण राघव, अजमेर अनीता शक्तावात, जोधपुर और मन मोहन भटनागर उदयपुर ने निष्पक्ष निर्णय देकर अपनी सेवा से अनुग्रहित किया। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमल सुरेखा ने धन्यवाद देते हुए श्रेष्ठ आयोजन के लिए दक्षिण प्रांत और उदय शाखा का आभार व्यक्त किया। साथी ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले प्रत्येक सदस्य का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महासचिव गिरीश सोमपुरा, डॉ.बृजबाला शर्मा एवं सुनील गांग ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिव संस्कार किशन पाठक, नेशनल प्रोजेक्ट वाइस चेयरमैन संतोष गोधा,नेशनल प्रोजेक्ट सदस्य हरी शंकर तिवारी , प्रदीप कुमावत, क्षेत्रीय सचिव संपर्क संजीव भारद्वाज, कार्यक्रम सह संयोजक डॉ. मैघेंद्र शर्मा, उदय शाखा के 70 सदस्यों सहित भारत विकास परिषद उदयपुर शहर के सभी दायित्वधारी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के सदस्यों द्वारा धार्मिक प्रभावना





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार के सदस्यों द्वारा धार्मिक प्रभावना की गई । ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल द्वारा अवगत कराया गया कि प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में मानसरोवर मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ जैन मन्दिर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में ग्रुप के सदस्यों द्वारा भगवान की मूर्तियां प्रतिष्ठित करवाई गई। पदम चन्द पाटनी - श्रीमती रानी पाटनी, उमेश , नितेश व पूनम चन्द आंधिका, अशोक कुमार - श्रीमती सुधा पाटनी, श्रीमती सुलोचना पाटनी धर्मपत्नी स्व.श्री अशोक कुमार पाटनी, जिन्हें मीरा मार्ग मंदिर एवं वरुण पथ मन्दिर जी की वेदियों में विराजमान करवाई गई। वरुण पथ जैन मन्दिर जी में आचार्य श्री 108 शंशाक सागर जी महाराज के सानिध्य में 108 दिन से 1008 श्री महावीर भगवान विधान करवाया गया जिसका दिनांकः 17 नवम्बर को समापन कार्यक्रम में ग्रुप के कार्याध्यक्ष, सुरेश जैन, बांदीकुई - श्रीमती कनक देवी को सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पुण्य कार्य के लिए सभी को बहुत बधाई एवं अनुमोदना।

**-मोहनलाल गंगवाल,**
**अध्यक्ष नवकार ग्रुप**

# कीर्ति नगर जैन मंदिर में मुनि समत्व सागर के सानिध्य में दिगंबर जैन महासमिति का स्वर्णिम वर्ष 2024 सम्पन्न समारोह संपन्न









**जयपुर. शाबाश इंडिया**



राजधानी के टोंक रोड़ स्थित कीर्ति नगर दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार 16 नवंबर को दोपहर 1 बजे से मुनि समत्व सागर महाराज, मुनि महिमा सागर जी और मुनि शील सागर महाराज के सानिध्य में श्री दिगंबर जैन महासमिति स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान अंचल द्वारा स्वर्णिम वर्ष 2024 महोत्सव मनाया गया इसी अवसर पर दशलक्षण पर्व पुरस्कार, युवा प्रतिभाओं और समाज श्रेष्ठियों का सम्मान किया गया इस दौरान मुनि समत्व सागर महाराज मुनिश्री महिमा सागर जी और मुनि शील सागर महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वचन उपस्थित जैन बंधुओं को प्राप्त हुआ। राजस्थान अंचल अध्यक्ष अनिल जैन (पूर्व आईपीस) और महामंत्री महावीर बाकलीवाल ने बताया कि को स्वर्णिम वर्ष समारोह अंतर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं श्रेष्ठी विवेक काला, समारोह गौरव एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन पांड्या, समारोह अध्यक्ष उत्तम कुमार पांड्या, निवर्तमान अध्यक्ष,आज के इस समारोह के पारितोषिक वितरण कर्ता, चित्र अनावरण वीरेंद्र जैन सेठी, समाज श्रेष्ठी,दीप प्रवज्जलन समाजसेविका मृदुला जैन पांड्या ने किया, इस दौरान विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र गोधा (संपादक समाचार जगत), नवीन सेन जैन, मनीष वैद (महामंत्री राजस्थान जैन सभा), डॉ विनोद शाह, डॉ राजेंद्र जैन, कीर्ति नगर समाज समिति अध्यक्ष अरुण काला मटरु, महामंत्री जगदीश जैन, सुरेश चंद जैन बांदीकुई, राजेंद्र शाह, नमोकर जैन,का स्वागत किया। अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू, प्रमोद बाकलीवाल, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु सम्मिलित हुए। समारोह का विशेष आकर्षण त्यागी-वृतियों और सुगंध दशमी पर जयपुर के विभिन्न जैन मंदिरों में युवा/महिला मंडलों द्वारा सजाई गई झांकियों के लिए मुनि संघ सानिध्य में सम्मानित किया गया। इस अवसर महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल ने बताया इस स्वर्णिम जयन्ती वर्ष पर इस महासमिति को इस उच्च आयाम को पहुंचाने वाले स्थापना से आज तक उनका सम्मान की कड़ी में विवेक काला, सुरेन्द्र जैन पांड्या, वीरेन्द्र कुमार जैन सेठी, स्व श्री महेन्द्र कुमार जी पाटनी, स्वर्गीय श्री राजेन्द्र जी गोधा, श्री लल्लू लाल बैनाडा,श्री रतन लाल गंगवाल का हृदय स्पर्शी महाराज के सानिध्य में हुआ। भाद्रपद माह में विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में सांस्कृतिक धार्मिक एवं झांकियों के कार्यक्रमों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में आने वाले कार्यक्रम में मंदिर समिति, युवा मंडल एवं महिला मंडल के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता गंगवाल,मनीष वैद ने बहुत ही शानदार तरीके से किया।

# जयकारों के बीच नवीन वेदी में विराजे श्री जी

## रविवार को मीरामार्ग पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन। जयपुर में पहली बार हुआ 400 बच्चों का उपनयन संस्कार, मुनि संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानसरोवर के गौखले मार्ग स्थित सेक्टर 9 के सामुदायिक केन्द्र पर संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मानसरोवर मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में नवनिर्मित जिनबिम्बों का श्रीमद् जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के अंतिम दिन रविवार को मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं सम्पन्न हुई। मोक्ष कल्याणक की क्रियाओं को देखने के लिए समूचा जैन समाज उमड़ पड़ा। मोक्ष कल्याणक एवं नवीन वेदियों में 32 जिन बिम्बों के विराजमान के साथ पांच दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हो गया।इस मौके पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में जयपुर में पहली बार 400 जैन बच्चों का उपनयन संस्कार किया गया । साथ ही दोपहर में मुनि संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह हुआ। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि रविवार को महामहोत्सव के अन्तर्गत पं. धीरज शास्त्री के निर्देशन में अभिषेक, शांतिधारा के बाद सौधर्म इन्द्र बने महेश - अनिला बाकलीवाल सहित भगवान के माता-पिता पदम कुमार - शशि जैन, कुबेर इन्द्र सुभाष - मीना अजमेरा एवं महायज्ञनायक सुशील-निर्मला पहाड़िया के नेतृत्व में पूजा की गई। शाश्वत तीर्थराज सम्मेद शिखर पर्वत पर भगवान के अंतिम दर्शन हुए। प्रातः 7.03 बजे भगवान पार्श्वनाथ का मोक्षगमन का दृश्य दिखाया गया । मोक्ष गमन के मनमोहक दृश्य को देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से निर्वाण कल्याणक की पूजन गई। विश्व में सुख शांति समृद्धि और सबका जीवन मंगलमय होने के कामना करते हुए विश्व शांति महायज्ञ हुआ जिसमें मंत्रोच्चार के साथ पूणाहुति दी गई। प्रातः 8:00 बजे से मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में जयपुर में पहली बार 400 जैन बच्चों का उपनयन संस्कार कार्यक्रम हुआ। सफेद वस्त्र पहनकर उपनयन संस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों को मुनि श्री ने अपने जीवन को संस्कारित बनाने के लिए कुछ नियम दिलाते हुए उनके सिर पर गंधोदक छिडकते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रातः 9:00 बजे मुनि श्री के मंगल प्रवचन के बाद विशाल शोभायात्रा सामुदायिक केंद्र से रवाना होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई मीरामार्ग के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां पर पंचकल्याणक महामहोत्सव में प्रतिष्ठित 32 जिन बिम्बों को जयकारों के बीच नवीन वेदियों में विराजमान किया गया । शेष 12 प्रतिष्ठित जिन बिम्बों को सम्बन्धित मंदिरों के पदाधिकारी अपने मंदिरों में ले गये। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक गौखले मार्ग के सामुदायिक केन्द्र पर दोपहर 1:00 बजे से मुनिश्री का पिच्छिका परिवर्तन समारोह हुआ ।नन्हीं बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण की नृत्य प्रस्तुति के बाद हवाई मार्ग से ड्रोन के द्वारा पिच्छिकाऐं मंच तक लाई गई।









### मुनि प्रणम्य सागर महाराज की पुरानी पिच्छीका व्रती डी सी जैन परिवार को तथा विश्वाग सागर महाराज की प्रेमः बीना गोयल

परिवार को मिली। संयम का नियम लेने वाले श्रद्धालुओं ने मुनि श्री को नई पिच्छीका भेट की। इस मौके पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि दृश्य देखकर लग रहा है कि संयम और संयम के उपकरण के प्रति आप सभी का आदर भी है। महाराज के हाथ से पुरानी पिच्छीका प्राप्त करना क्षणिक सुख है। लेकिन महाराज के हाथ से नई पिच्छीका प्राप्त करना शाश्वत सुख है। जो लोग संयम के उपकरण पिच्छी का आदान प्रदान देखते हुए हर्षित होते हैं, उन्हें सबसे ज्यादा पुण्य मिलता है। भविष्य के लिए पुरुषार्थ करना चाहिए लेकिन भविष्य की चिंता करते हुए वर्तमान को बिगाड़ना नही चाहिए। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं राज्य सभा सासंद चुन्नी लाल गरासिया, जेडीए सचिव आई ए एस निशान्त जैन आदि ने मुनि प्रणम्य सागर महाराज को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर समाजश्रेष्ठी प्रमोद पहाड़िया, शीतल कटारिया, दर्शन जैन, विनोद जैन कोटखावदा,पारस कासलीवाल, मनीष चौधरी, सीए दिनेश जैन, भारतभूषण जैन सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा, उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, संयुक्त मंत्री सीए मनोज जैन, संगठन मंत्री अशोक सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी, कार्यकारिणी सदस्य राजेश काला, विजय झांझरी, अशोक गोधा, अशोक छाबड़ा, अरुण पाटोदी, शांति विजय गंगवाल, जिनेन्द्र काला सहित अरुण श्रीमाल आदि ने किया। किशनगढ़, वरुण पथ, सिद्धार्थ नगर आदि के जैन समाज ने मुनि श्री को श्रीफल भेट कर उनके मंदिर में पधारने के लिए निवेदन किया। मंच संचालन पं. धीरज शास्त्री एवं सीए मनोज जैन ने किया। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही पांच दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का रविवार को धूमधाम से समापन हो गया ।

-विनोद जैन कोटखावदा

# कल्पद्रुम महामंडल विधान सर्व इच्छाओं को पूरा करने का साधन: मुनि समत्व सागर

## चित्रकूट कॉलोनी जैन मंदिर में मुनिश्री का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कॉलोनी के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार सुबह आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सुयोग्य शिष्य परम पूज्य मुनि समत्व सागर महाराज, मुनि शील सागर महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इससे पूर्व मुनि संघ कीर्तिनगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार होकर टौक रोड पर सूर्य नगर स्थित ऋषभ मार्ग पर कोटखावदा हाऊस, रेवड़ी वालों का चैत्यालय के दर्शन करते हुए हनुमान ट्यूब वैल सांगानेर एयरपोर्ट फ्लाई ओवर के पास पहुचे। जहा चित्रकूट जैन समाज ने भव्य अगवानी की। हनुमान ट्यूब वैल से बैण्ड बाजों के साथ विशाल जुलूस के रूप मंदिर जी में मंगल प्रवेश किया ।रास्ते में विभिन्न स्वागत द्वारों पर श्रद्धालुओं ने महाराज का पाद प्रक्षालन किया ।मंदिर समिति अध्यक्ष केवल चंद गंगवाल व मंत्री अनिल जैन काशीपुरा ने बताया कि मंदिर पहुँचने पर प्रबंधकारिणी समिति की ओर से पाद पक्षालन एवं मंगल आरती की गई। मंदिर दर्शन के बाद मुनि श्री ने धर्म सभा को संबोधित किया । धर्म सभा में मुनि समत्व सागर जी ने कहाँ कि कल्प द्रुम विधान का जैन धर्म में विशेष महत्तम है जो कल्पवृक्ष के समान सभी इच्छाओं को पूर्ण करने में सक्षम है ।उन्होंने यह भी कहा कि भगवान जिनेंद्र का दर्शन और समोशरण में स्थान वही व्यक्ति प्राप्त कर सकता है जो पुण्य शाली होता है ।आज चित्रकूट कॉलोनी के साथ जयपुर वासियो का सौभाग्य का उदय हुआ है जो भगवान का साक्षात समोवशरण चल कर चित्रकूट कॉलोनी में आया है।





इसलिए सब इस अवसर का लाभ उठाकर भविष्य में साक्षात समोवशरण में शामिल होने का पुण्य अर्जित करे।

### आज से शुरू होगा आठ दिवसीय कल्पद्रुम महामण्ड़ल विधान

समारोह संयोजक ओमप्रकाश कटारिया ने बताया कि सोमवार को जैन मंदिर से भव्य जुलूस निकाला जाएगा जिसमें श्रीजी पालकी में विराजमान होकर जुलूस के साथ चलेंगे। जुलूस में हाथी घोड़े बैंडबाजे के साथ स्त्री पुरुष गाते बजाते थाना सर्किल टोंक रोड गौशाला गायत्री नगर होते हुए कार्यक्रम स्थल कँवर का बाग राजगृही नगर में पहुँचेगा। जहां पर झंडारोहण के साथ विधान का शुभारंभ होगा। इससे पूर्व प्रातः 7:15 बजे समाजश्रेष्ठी कैलाश चन्द - राजेश सोगानी चनानी वाले द्वारा धर्मार्थ औषधालय का लोकार्पण किया जाएगा। प्रचार संयोजक एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन ने बताया कि मुनि द्वय के सानिध्य में सोमवार 18 नवम्बर से आठ दिवसीय कल्पद्रुम महामंडल विधान एवम विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कंवर का बाग मिया बजाज की गली, चौधरी पट्रोल पंप के सामने, टौक रोड सांगानेर पर आयोजित इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर 8 दिन तक प्रभू की आराधना करेगें। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश कासलीवाल के मुताबिक सोमवार, 18 नवम्बर को प्रातः 5.45 बजे अभिषेक, शांति धारा के बाद 6:30 बजे देवाज्ञा, गुरूआज्ञा, की क्रियाएं की जाएगी। उपाध्यक्ष बाबूलाल बिलाला के मुताबिक प्रातः7:30 बजे मंदिर जी से विधान स्थल तक घटयात्रा श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। शांति देवी चन्दा देवी सोगानी परिवार द्वारा झंडारोहण कर महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात कमल - ममता झांझरी द्वारा पाण्डाल का उदघाटन किया जाएगा ।विशिष्ट अतिथि शांति कुमार - ममता सोगानी जापान वाले होगें ।सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा के बाद जिनाभिषेक होगें। विधान के चक्रवर्ती कैलाश चन्द- राजेश देवी सोगानी, सौधर्म इन्द्र मूल चन्द-शांति देवी पाटनी, धनपति कुबेर केवल चन्द-संतोष देवी गंगवाल, महायज्ञ नायक पदम चन्द-चन्द्र कांता सिंघल के नेतृत्व में विधान पूजा की जाएगी। आयोजित धर्म सभा में मुनि द्वय के मंगल प्रवचन होगें । सांयकाल 6 बजे से आरती, गुरूभक्ति, विद्वतजन द्वारा शास्त्र प्रवचन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक विधान पूजा में मंगलवार 19 नवम्बर से मंगलवार 26 नवम्बर तक प्रातः अभिषेक, शांतिधारा, विधान पूजा, मुनि द्वय के मंगल प्रवचन होगे। सायंकाल 6 बजे से गुरूभक्ति, आरती ,प्रवचन ,सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिनमें महिला मण्डल एवं नवयुवक मण्डल के सदस्यों द्वारा नृत्य, नाटक आदि की प्रस्तुति दी जाएगी। बुधवार, 27 नवम्बर को विधान का समापन, विश्व शांति महायज्ञ विर्सजन के बाद मंदिरजी तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी ।तत्पश्चात श्री जी को वेदी में विराजमान किया जाएगा। विधान में बैठने एवं बाहर से पधारने वाले सभी अतिथियों एवं आगुन्तुको के लिए वात्सल्य भोजन की व्यवस्था रखी गई है।

-विनोद जैन कोटखावदा

# दुर्गापुरा में आचार्य पदारोहण दिवस पर भव्य आयोजन हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुगार्पुरा जयपुर में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महा मुनिराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 पावन सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 सुभद्र सागर जी महाराज के सानिध्य में मंगसिर कृष्णा द्वितीया रविवार दिनांक 17 नवंबर को प्रातः 8.30 बजे संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महा मुनिराज के 53वें आचार्य पदारोहण दिवस पर दीप प्रज्वलन पंडित चन्दन मल अजमेरा, रमेश चन्द अजमेरा, ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़, मंत्री राजेन्द्र काला, कोषाध्यक्ष विमल कुमार गंगवाल, संयुक्त मंत्री महावीर प्रसाद बाकलीवाल, महावीर कुमार चांदवाड, राहुल पाटोदी, कैलाश सौगानी, विमल चन्द बड़जात्या ने, मंगलाचरण डॉ वन्दना जैन ने, शास्त्र भेंट रेखा लुहाड़िया, रानी सोगानी, चन्दा सेठी ने, गुरुवर की भव्यता के साथ अष्ट द्रव्य से पूजा विद्यासागर पाठशाला के बच्चे, राजकुमार सेठी, कमल छाबड़ा, ललित काला, अरविंद काला, विनय पांड्या, सुशीला सेठी, अजित जैन व महिला मंडल द्वारा की गई। तत्पश्चात मुनिश्री के प्रवचन हुए। प्रवचन में आचार्य श्री का ब्रह्मचर्य जीवन में उनके वाहन के त्याग, मुनि दीक्षा, आचार्य पद देने के दृश्य व संल्लेखना के बारे में बतायो कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुगण ने उपस्थित होकर धर्म प्रभावना कर पुण्यार्जन प्राप्त किया। मधुर स्वर में आचार्य श्री की पूजन एवं संचालन विधानाचार्य अजित जैन 'आचार्य' द्वारा किया।

